# TickMark.Ai
Mumbai

**Class:** EM - CLASS 6 | **Subject:** Hindi | **Time:**1 hrs
**Date:** 02-08-2025 | **Paper:** Unit 1 | **Marks:**20

**Q1) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(6)**

"ठीक है, " ऐसा कहकर ऋत्विक वहाँ से चला गया । अभी वह कुछ दूर ही गया था कि उसे रास्ते में गिरी हुई एक पोटली मिली । ऋत्विक को यह विश्वास हो गया कि लाल रंग की इस मखमली पोटली में कोई कीमती चीज होगी । उसने उसे खोलना चाहा फिर सोचने लगा । जब यह मेरी नहीं है तो इसे खोलने का मुझे हक नहीं है । ऋत्विक ने पोटली नहीं खोली । तभी किसी की आवाज उसके कानों में पड़ी । "बेटा, मेरी पोटली गिर गई है, रास्ते में । क्या तुमने देखी है ?"

ऋत्विक ने पूछा, "किस रंग की थी ?" "लाल रंग की, " राहगीर ने बताया । " और कोई पहचान बताओ ।" ऋत्विक ने राहगीर से कहा । "उसपर एक परी का सुनहरे रंग में चित्र बना है । " राहगीर का जवाब था । ऋत्विक ने अपनी थैली से जब वह पोटली निकाली तो उसपर छपा परी का चित्र चमकने लगा । ऋत्विक ने वह पोटली राहगीर को दे दी ।

सुबह उठकर वह वहीं पहुँचा, जहाँ उसे परी मिली थी । देखा तो वहाँ कोई नहीं था । वह बैठ गया । उसकी आँखों के सामने वही लाल रंग की पोटली दिखाई देने लगी। तभी तेज प्रकाश फैला । सामने परी खड़ी थी । परी के दोनों हाथ पीछे थे। परी ने पूछा, " कैसे हो ?" "ठीक हूँ !" ऋत्विक ने जवाब दिया । तभी परी ने कहा, "अपनी आँखें बंद करो ! मैं तुम्हें इनाम दूँगी ।" "किस बात का ?" ऋत्विक ने पूछा ।

"तुम उत्तीर्ण हो गए इसलिए ।" परी बोली ।

(1) निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही अथवा गलत लिखिए : (2)

(1) पोटली का रंग नीला था।
(2) ऋत्विक ने पोटली को राहगीर को दे दिया।

(2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : (2)

(1) पोटली पर एक परी का ..................... रंग में चित्र बना है।
(2) तभी तेज .................... फैला और सामने परी खड़ी थी ।

(3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : (2)

अगर आपको अपने जीवन में किसी को पुरस्कार देना हो, तो आप किसे देंगे और क्यों?

**Q2) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(5)**

पहर दो पहर क्या,
अनेकों पहर तक
इसी में रही मैं !
खड़ी देख अलसी
लिए शीश कलसी
मुझे खूब सुझी-
हिलाया-झुलाया
गिरी पर न कलसी !
इसी हार को पा,
हिलाई न सरसों,
झुलाई न सरसों,
हवा हूँ, हवा मैं,
बसंती हवा हूँ।

(1) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : (2)

(1) मुझे खूब सुझी- ........................ ।

TickMark.Ai

(2) हिलाया-झुलाया ......................... पर न कलसी !

(2) निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही अथवा गलत लिखिए : (2)

(1) हवा ने शीश पर कलसी रखने के बाद उसे गिरने से बचाया।

(2) कविता में हवा ने सरसों को हिलाया और झुलाया।

(3) निम्नलिखित शब्दों के विरोद्धार्थी शब्द लिखिए : (1)

(1) गिरी x (2) हार x

**Q3) सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए :** **(5)**

(1) निम्नलिखित वाक्य में सर्वनाम पहचान कर लिखिए (1)

तुम्हारी सहायता से हमें सफलता मिली।

(2) निम्नलिखित वाक्य में संज्ञा के भेद पहचान कर लिखिए (1)

दुख एक अनुभव है।

(3) निम्नलिखित वाक्य में सर्वनाम के भेद पहचान कर लिखिए (1)

कौन आ रहा है?

(4) निम्नलिखित वाक्य में संज्ञा पहचान कर लिखिए (1)

बगीचे में सुंदर फूल खिले हैं।

(5) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए (1)

धन्यवाद

**Q4) निम्नलिखित विषय पर निबंध लिखिए (कोई भी एक) :** **(4)**

(1) मेरा प्रिय शिक्षक

(2) मेरा जन्मदिन

TickMark.Ai

**All the Best**